दिनांक : 14 सितम्बर, 2024। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में छात्र संसद चुनाव प्रक्रिया दिंनाक 13 सितम्बर 2024 से 24 विषयों के 54 कक्षा प्रतिनिधियों के उनके शैक्षिक योग्यता अनुसार चयन के साथ प्रारम्भ हुई।

विश्वविद्यालय छात्र संसद संविधान के अनुसार चुनाव में किसी भी पद पर प्रत्याशिता के लिए कक्षा प्रतिनिधि होना अनिवार्य है। मुख्य चुनाव अधिकारी, डॉ. विमल कुमार दूबे ने बताया कि अध्यक्ष पद पर आकाश चौधरी, अनिकेत मल्ल, अमित यादव, अश्विनी यादव एवं दीनदयाल गुप्ता ने अपना नामाकन किया वहीं उपाध्यक्ष पद पर बादल पटेल, आर्यन यादव, सृष्टि यादव एवं आदित्य रंजन व महामंत्री पद पर प्रिंस कुमार चौरसिया, सुंदरी, समीक्षा कुमारी एवं श्रेया पांडेय तथा पुस्तकालय मंत्री पद पर अनामिका पांडेय व अदिति वर्मा ने नामाकन करके अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। प्रत्याशी दिनांक 14.09.2024 को पूर्वाह्न 09:00 से 10:00 बजे तक अपना नामांकन वापस ले सकते थे। तत्पश्चात पूर्वाह्न 11:00 बजे चुनाव अधिकारी द्वारा सभी योग्य प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी गयी।

चुनाव अधिकारी ने यह भी बताया कि समस्त प्रत्याशियों का पाँच मिनट का चुनावी घोषणा पत्र (योग्यता भाषण) का विडियो क्लिप विश्वविद्यालय द्वारा ही रिकार्डिंग कर उसे समस्त संचारी माध्यमों से विद्यार्थियों के मध्य साझा किया गया। इसी दिन को सायं 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक मतदान विश्वविद्यालय द्वारा स्वनिर्मित साफ्टवेयर से कराना सुनिश्चित किया गया। ऑनलाइन मतदान के लिए केवल पंजीकृत विद्यार्थी ही पात्र हैं। रात्रि 11:00 बजे तक छात्र संसद का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर घोषित कर दिया जायेगा। छात्र संसद प्रत्याशियों ने अपने

योग्यता भाषण में विश्वविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण के साथ–साथ पठन–पाठन हेतु उत्तम व्यवस्था के लिए संसाधनों की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि छात्र संसद कैसे विश्वविद्यालय के समस्त सृजनात्मक क्षमताओं के विकास के साथ शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन एवं परिसर संस्कृति अपनी उपयोगिता सिद्ध कर सकता है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर पठन–पाठन के साथ ही साथ लोकतान्त्रिक मूल्यों के संवर्धन, विद्यार्थियों को राष्ट्रवाद की ओर मुखर करना, राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन एवं उन्नत व सशक्त भारत के निर्माण के प्रति संवेदनशीलता के भाव जागृत करते रहता है। यह छात्र संसद चुनाव विशुद्ध योग्यतम छात्र को लोकतान्त्रिक मूल्यों के प्रति चौतन्य करने का है।

विश्वविद्यालय के कुलपति, मेजर जनरल डॉ. अतुल बाजपेई व कुलसचिव, डॉ. प्रदीप कुमार राव ने छात्र संसद चुनाव के प्रति विद्यार्थियों के उत्साह को सराहते हुए इसमें अधिकाधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए आह्वान किया है। समस्त चुनाव प्रक्रिया कुलपति के निर्देश में मुख्य चुनाव अधिकारी, डॉ. विमल कुमार दूबे द्वारा सम्पन्न करायी जा रही है।